तेरे इक झलक के श्याम मुझे दीदार हो जाए

तेरे इक झलक के श्याम मुझे दीदार हो जाए,
तेरी चोकठ पे दम निकले इतना बस प्यार मिल जाए,
प्यार मिल जाये तेरा दीदार मिल जाए

तेरी किरपा जब से मुझपे हुई है
मेरा अन दाता श्यामा एक बस तू ही
तेरा साथ छुटा तो मैं मर जाउगा,
तेरा प्यार मिलता रहे हर साल आऊगा,
तू करदे कर्म इतना जीवन साकार हो जाए
तेरी चोकठ पे दम निकले इतना बस प्यार मिल जाए,
प्यार मिल जाये तेरा दीदार मिल जाए

खाटू जैसे पावन धाम पे सब को बुलाता है
उनका बेडा पार करे जो सचे मन से ध्याता है
मैं हु आया दर तेरे मुझको भी तारो
किस्मत सवारी सब की मेरी भी सवारों
करू मैं क्या जो विनती मेरी सवीकार हो जाए,
तेरी चोकठ पे दम निकले इतना बस प्यार मिल जाए,
प्यार मिल जाये तेरा दीदार मिल जाए

तेरी प्यारी सूरत श्याम मन में समाई है

मेरी बिगड़ी किस्मत बाबा तूने ही बनाई है,
जीवन में खुशिया छाई तेरे ही दम से
मेरे जीवन में खुशियाँ आई तेरे दम से
तेरा ही नाम ज्पुगा तन मन धन से
विक्की शर्मा को बस तेरा दीदार हो जाए,
तेरी चोकठ पे दम निकले इतना बस प्यार मिल जाए,
प्यार मिल जाये तेरा दीदार मिल जाए

Source:
https://www.bharattemples.com/teri-ek-jhalk-ke-shyam-mujhe-dedar-ho-jaaye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw